संख्या–cm-414
23/06/2026

# बिहार कृषि स्टार्टअप नीति के तहत नवाचार एवं कृषि टेक को बढ़ावा दें :– मुख्यमंत्री

## मुख्य बिंदु :–

- ग्राम स्तर तक कृषि विस्तार सेवाओं को सुदृढ़ करें। किसानों को समय पर तकनीकी मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण उपलब्ध कराते रहें।
- बिहार के विशिष्ट कृषि उत्पादों को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में पहचान दिलाने के लिए समेकित रणनीति तैयार करें।
- आम, शहद, केला के उत्पादन को और बढ़ाने के लिए तेजी से काम करें। इन फसलों की खेती को प्रोत्साहित कर किसानों की आय बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास करें।

पटना 23 जून 2026 :– मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी ने आज लोक सेवक आवास स्थित 'संकल्प सभागार' में कृषि विभाग की समीक्षा की।

बैठक में कृषि विभाग के प्रधान सचिव श्री नर्मदेश्वर लाल ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से कृषि उत्पादन, बागवानी विकास, कृषि यंत्रीकरण, अनुसंधान, प्रसंस्करण एवं किसानों की आय वृद्धि से संबंधित विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी।

समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार कृषि स्टार्टअप नीति के तहत नवाचार एवं कृषि टेक को बढ़ावा दें। राज्य में फसलों का उत्पादन और उत्पादकता बढ़ी है। आम, शहद, केला के उत्पादन को और बढ़ाने के लिए तेजी से काम करें। इन फसलों की खेती को प्रोत्साहित कर किसानों की आय बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास करें। कृषि उत्पादों के प्रसंस्करण एवं विपणन की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करें ताकि किसानों को उसका लाभ मिल सके। विभागीय कार्यों के बेहतर क्रियान्वयन हेतु आवश्यकतानुसार कार्यबल के प्रभावी उपयोग करें। कृषि यंत्रों की बिक्री, उपयोग एवं किसानों को प्रदान की जा रही सब्सिडी की स्थिति का आकलन करें ताकि कृषि कार्य को और आधुनिक एवं उत्पादक बनाया जा सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्राम स्तर तक कृषि विस्तार सेवाओं को सुदृढ़ करें। किसानों को समय पर तकनीकी मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण उपलब्ध कराते रहें। कृषि विज्ञान केंद्रों एवं अन्य संस्थानों के माध्यम से किसानों तक नवीन तकनीकों की जानकारी मिलती रहे। जिन जिलों में विशेष फसलों की संभावनाएँ हैं, वहाँ क्लस्टर आधारित विकास की रणनीति अपनाई जाए। बिहार के विशिष्ट कृषि उत्पादों को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में पहचान दिलाने के लिए समेकित रणनीति तैयार करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक पात्र किसानों को लाभान्वित करने हेतु विशेष अभियान चलायें तथा लाभार्थियों के शत–प्रतिशत कवरेज को सुनिश्चित करें।

बैठक में कृषि मंत्री श्री विजय कुमार सिन्हा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्य सचिव श्री प्रत्यय अमृत, कृषि विभाग के प्रधान सचिव श्री नर्मदेश्वर लाल सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

******